INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: X	Department: Hindi	Date – 27.04.21
Worksheet No: 5 पदबंध -उत्तर	Topic: पदबंध - उत्तर	Note: Pl. file in portfolio

(क) **<u>हवाई किले बनाने वाले युवक</u>** सच्चाई से अनभिज्ञ रहते हैं। **संज्ञा पदबंध**

(ख) कबूतर का अंडा माँ के **<u>हाथ से गिरकर</u>** टूट गया। **क्रियाविशेषण पदबंध**

(ग) **<u>प्रयोगशाला में रखे हुए</u>** रसायनों का प्रयोग सावधानी से करना चाहिए। **विशेषण पदबंध**

(घ) अध्यापक के कक्षा में न आने तक छात्र **<u>शोर मचाए जा रहे थे</u>**। **क्रिया पदबंध**

(ङ) **<u>सबको मूर्ख बनाने वाले हम</u>** ख़ुद अपने जाल में फँस गए। **सर्वनाम पदबंध**

(च) सेवक अपने मालिक की **<u>मदद कर दिया करता था</u>**। **क्रिया पदबंध**

(छ) **<u>प्राणों की बाजी लगाने वाले</u>** देशभक्त इतिहास में प्रसिद्ध हो गए। **विशेषण पदबंध**

(ज) **<u>श्रवणकुमार के पिता</u>** का वध तीर से हुआ। **संज्ञा पदबंध**

(झ) **<u>बाढ़ से पीड़ित वह</u>** भोजन के लिए तरस रहा है। **सर्वनाम पदबंध**

(ञ) आजकल बच्चे **<u>गाना सुनते-सुनते</u>** पढ़ाई करते हैं। **क्रियाविशेषण पदबंध**

(ट) **<u>नेहरूकट शेरवानी</u>** उसे बहुत पसंद है। **संज्ञा पदबंध**

(ठ) **<u>शेर की तरह दहाड़ने वाले तुम</u>** अब शांत क्यों हो गए ? **सर्वनाम पदबंध**

(ड) **<u>खंभे के तार में अटकी हुई</u>** पतंग नीचे आ गिरी। **विशेषण पदबंध**

(ढ) नाव पानी में **<u>डूबती चली गई</u>**। **क्रिया पदबंध**

(ण) उस गायक ने **<u>पहले से बहुत अच्छा</u>** गाया। **क्रियाविशेषण पदबंध**

(त) वह **<u>प्रतिदिन की तरह</u>** सैर कर रहा है। **क्रियाविशेषण पदबंध**

(थ) **<u>दरवाज़े पर खड़ा कोई</u>** हमारी बात सुन रहा है ।	**सर्वनाम पदबंध**
(द) **<u>जनता को लूटने वाले वे</u>** घर में छिपे बैठे हैं ।	**सर्वनाम पदबंध**
(ध) बच्चे मैदान में **<u>खेल रहे हैं</u>** ।	**क्रिया पदबंध**
(न) सिपाही किले के चारों ओर **<u>दौड़ लगाता रहता है</u>** ।	**क्रिया पदबंध**
(प) आकाश में बादलों को देखकर मोर **<u>झूमने-नाचने लगा</u>** ।	**क्रिया पदबंध**
(फ) **<u>तुम्हारी उलटी-सीधी हरकतें</u>** किसी को पसंद नहीं हैं ।	**संज्ञा पदबंध**
(ब) **<u>केरल से मँगाए गए केले के चिप्स</u>** बहुत स्वादिष्ट हैं ।	**संज्ञा पदबंध**
(भ) **<u>कोने में रखी अलमारी</u>** में बहुत सारे नए कपड़े हैं ।	**संज्ञा पदबंध**
(म) **<u>विचारों में डूबे हुए</u>** व्यक्ति को समय का पता ही नहीं चला ।	**विशेषण पदबंध**
(य) **<u>पेड़ पर बैठी</u>** चिड़िया उड़ गई ।	**विशेषण पदबंध**
(र) इस महामारी में सब **<u>अपने परिवार वालों के साथ</u>** रह रहे हैं ।	**क्रियाविशेषण पदबंध**
(ल) **<u>लकड़ी के इस बड़े संदूक</u>** में किताबें हैं ।	**संज्ञा पदबंध**
(व) **<u>रोज़ वक़्त पर आने वाले आप</u>** आज लेट कैसे हो गए ?	**सर्वनाम पदबंध**
(श) ऋषि कपूर ने सभी फ़िल्मों में **<u>बड़े उत्साहपूर्वक</u>** काम किया ।	**क्रियाविशेषण पदबंध**
(ष) **<u>मुसीबत में काम आने वाला</u>** मित्र ही सच्चा मित्र होता है ।	**विशेषण पदबंध**
(स) नदी **<u>कलकल करती हुई</u>** बह रही है ।	**क्रियाविशेषण पदबंध**
(ह) **<u>विदेश से आए मेहमानों में से कुछ</u>** शाकाहारी हैं ।	**सर्वनाम पदबंध**
(क्ष) मैं कभी-कभी धार्मिक स्थानों पर **<u>चला जाया करता हूँ</u>** ।	**क्रिया पदबंध**
(त्र) **<u>परिश्रम करने वाले</u>** छात्र अवश्य सफल होते हैं ।	**विशेषण पदबंध**
(ज्ञ) रेस का घोड़ा **<u>बहुत तेज़ी से</u>** दौड़ा ।	**क्रियाविशेषण पदबंध**
(श्र) **<u>सड़क के किनारे लगा</u>** वृक्ष आँधी आने पर गिर पड़ा ।	**विशेषण पदबंध**